**SET -A**

**अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2023-24**

**कक्षा: 12वीं**

**विषय: इतिहास**

**समय-3 घंटा** **पूर्णांक-80 अंक**

**निर्देश**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
- प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 06 अंक, सत्य /असत्य 06 अंक,सही जोड़ी 07 अंक एवं एक शब्द से एक वाक्य में उत्तर 07 अंक संबंधी प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित है।
- प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं
- प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक 10 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।
- प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक 04 प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।
- प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक 04 प्रश्न हैं,प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।

**प्रश्न-1 निम्नलिखि प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :- 1X6=6**

1. किस की रचनाओं को गुरु ग्रंथ साहिब में सम्मिलित नहीं किया गया था?

(अ) कबीर दास (ब)रविदास

(स) तुलसी दास (द) गुरु नानक

2. विद्रोह को कुचलनेवाले अंग्रेज अधिकारियो का महिमा मंडन करने वाला चित्र"रिलीफ आफ लखनऊ"किसने बनाया था ?

(अ) जोजेफ नोएल पेटन (ब) टामस जौंस बार्कर

(स) फेलिस बेईतो (द) चरू

3. इनबतूता ने भारतीय शहरों को व्यापक सुअवसरों से भरपूर पाया। निम्नलिखित विकल्पों में से उपयुक्त कारण की पहचान कीजिए

(अ)विशाल जनसंख्या, बाजार और संचार व्यवस्था (ब) भूमि पर राजकीय स्वामित्व।

(स) स्वायत्त और समतावादी ग्रामीण नियंत्रण (द) व्यापारी सोना और चाँदी निर्यात करते थे।

4. सिंधु घाटी सभ्यता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

(1) हड़प्पा सील संभवतः हड़प्पा सभ्यता की सबसे विशिष्ट विशेषता है।

(2)शॉर्टुघई नामक स्थल पर नहर सिंचाई के साक्ष्य मिले हैं।

(3)मोहनजोदड़ो अनियोजित ढंग से बसाया गया शहर था।

(4)तांबा कर्नाटक के कोलार क्षेत्र से लाया जाता था।

दिए गए कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

(अ) 1, 2, 3 (ब) 3, 4

(स) 1, 2, 4 (द) 2,4

5. किस भारतीय राजा ने अपने राज्यकाल की शुरुआत एक खूखार योद्धा के रूप में की थी, परन्तु आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्ति के बाद युद्ध की विनाशकता का आभास हुआ?

(अ) चन्द्रगुप्त मौर्य (ब) विक्रमादित्य

(स) राजा राज चोल (द) अशोक

6. निम्न में से किस उपनिषद् में कई लोगों को उनके मातृनामों से निर्दिष्ट किया गया था -


(अ) बृहदारण्यक | (ब) कठ
(स) छान्दोग्य | (द) उपर्युक्त सभी

**प्रश्न-2 . रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-:-** 1X6=6

1. उपनिषद पुस्तकें ------------------- पर केन्द्रित है।
2. बुद्ध, धम्म और संघ मिलकर------------------------------- कहलाते है।
3. "एक दिन ये गिलास फल हमारे ही मुहं में आकर गिरेगा" लार्ड डलहौजी ने यह बात-------राज्य के बारे में कही थी।
4. दामिन ए कोह का सम्बन्ध ------------------------------------से था।
5. हड़प्पा सभ्यता के सबसे लंबे अभिलेख में --------- ----------------------चिन्ह हैं ।
6. ----------------------------- दार्शनिक ने बर्नियर के वृतांत का उपयोग अपने सिद्धान्त में किया।

**प्रश्न-3 निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य लिखिए:** 1X6=6

1. ऐसा विवाह जिसमें पिता सावधानीपूर्वक वेदज्ञ एवं शीलवान वर का चयन करने के बाद उसे अपने घर बुलाता था तथा उसकी पूजा करके वस्त्राभूषण से सुसज्जित कन्या को उसे प्रदान करता था, को प्रजापात्य विवाह कहते थे ।
2. भूमि का वह भाग जो ब्राह्मणों को दान में दिया जाता था अग्रहार कहलाता था।
3. सती प्रथा का वर्णन निकितिन ने किया है।
4. हमारी पाठ्यपुस्तक के विषय-4 में विचारक, विश्वास और इमारतें के चित्र 4.15 जैन धर्म से सम्बंधित है।



5. सगुण और निर्गुण भक्ति का सम्बन्ध इस्लाम धर्म से हैं।
6. फ्रांसीसी साँची स्तूप के पूर्वी तोरणद्वार को फ्रांस ले जाने के लिए क्यों बहुत उत्सुक थे ।

**प्रश्न-4 सही जोड़ी बनाइए :-** 1X7=7

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1. निकितिन | अ. फ्रांस |
| 2. फ्रांस्वा बर्नियर | ब. पुर्तगाल |
| 3. अब्दुर रज्जाक | स. अलवार संत(महिला) |
| 4. उपनिषदो की रचना | द. नयनार संत(महिला) |
| 5. अंडाल | इ. छठी सदी ई.पू. |
| 6. करइक्काल अम्मइयार | फ. रूस |
| 7. डोमिंगो पेस | ज. फारस |

**प्रश्न-5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए:-** 1X7=7

1. जेम्स फर्गुसन ने वृक्ष और सर्प की पूजा का केन्द्र किसे माना?

2. शासकों की प्रतिमा और नाम के सिक्के सर्वप्रथम किस राजवंश के राजाओं ने जारी किये थे ?
3. बंगाल की स्थाई बन्दोबस्त में आने वाले परिवर्तनों पर किसने पाँचवीं रिपोर्ट तैयार किया?
4. फ्रांसीसी यात्री ज्यों बैप्टिस्ट तैवर्नियर ने गाँवों में मुद्रा के प्रचलन के सम्बन्ध में अपने यात्रा वृतान्त में क्या लिखा है ?
5. लार्ड डलहौजी ने दत्तक पुत्र उत्तराधिकार नियम को किस वर्ष में रद्द कर दिया था ?
6. भारत में लिंग पूजा किस काल में प्रारंभ हुई?
7. अमुक्तमल्पद नामक ग्रन्थ किस शासक ने लिखा?

प्रश्न-6 राजा अशोक को उनकी प्रजा द्वारा 'देवानाम्पिय' तथा 'पियदस्सी' मानने का सर्वोतम कारण बताइये। 2

अथवा

मनुस्मृति की रचना का क्या उद्देश्य था ?

प्रश्न-7 किसने व कब सम्पूर्ण विश्व के समक्ष सिन्धु घाटी में एक नवीन सभ्यता की खोज की घोषणा की थी 2

अथवा

हड़प्पवासी कार्नीलियन एवं सेलखड़ी कहाँ से मँगाते थे ?

प्रश्न-8 भारत के उन दो नगरों के नाम लिखिए जिनका इन बतूता ने दौरा किया और विश्ववादी संस्कृति पाई। 2

अथवा

अल बिरूनी द्वारा भारत के धर्म, दर्शन, खगोल विज्ञान तथा कानून पर लिखी गई पुस्तक का नाम लिखिए।

प्रश्न-09 खालसा पंथ पर टिप्पणी लिखिए ? https://www.mpboardonline.com 2

अथवा

सगुण और निर्गुण भक्ति का आशय समझाइए ?

प्रश्न-10 एकलव्य ने तीर चलाने की उत्तम कुशलता कैसे प्राप्त की? 2

अथवा

वर्ण व्यवस्था को ब्राहमण दैवीय व्यवस्था क्यों कहते थे ?

प्रश्न-11 उपनिषद् क्या थे ? इनसे हमें क्या पता चलता है ? 2

अथवा

बौद्ध संघ में भिक्षुओं की दैनिक जीवनचर्या को बताइए।

प्रश्न-12 चीन के विषय में इब्नबतूता के यात्रा वर्णन की तुलना किसके वृतांत से की जाती है। 2

अथवा

ज्यों-बेपटिस्ट तैवर्नियर के भारत वर्णन को लिखिए।

प्रश्न-13 14वीं से 16वीं शताब्दी के मध्य कौन-सा नगर दक्षिण भारत में एक सामाज्य के रूप में विकसित हुआ? 2

अथवा

प्राप्त साक्ष्य के आधार पर विजयनगर में स्थित कमल महल का प्रयोग किस कार्य के लिए होता होगा?

प्रश्न-14 मुगलकाल के भारतीय-फारसी स्रोत किसानों के लिए किन-किन शब्दों का प्रयोग करते हैं ? 2

अथवा

'जजमानी व्यवस्था का वर्णन कीजिए।

प्रश्न-15 अब्दुर रज़्ज़ाक़ द्वारा मंगलोर में स्थित मंदिर के बारे में क्या विवरण दिया गया ? 2

अथवा

फ्रांसीसी यात्री बर्नियर के अनुसार भारत तथा यूरोप के मध्य मूल असमानताओं में से एक कौन-सी थी ?

प्रश्न-16 लोहे के फाल के प्रयोग ने संपूर्ण उपमहाद्वीप में कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन ला दिया, इस कथन की पुष्टि कीजिये ? 3

अथवा

उत्तर वैदिक काल में कृषि के तौर-तरीकों में किस हद तक परिवर्तन हुए ?

प्रश्न-17 बंगाल में अंग्रेजों द्वारा शुरू किये गये भू-राजस्व के स्थायी बन्दोबस्त की विफलता के दो कारण बताइये। 3

अथवा

औपनिवेशिक काल में किसानो की ऋणग्रस्तता के कारण लिखिए ।

प्रश्न-18 विजयनगर साम्राज्य की प्रमुख राजनीतिक खोज 'अमर-नायक प्रणाली' का वर्णन कीजिए। 3

अथवा

विजयनगर साम्राज्य के राजकीय केन्द्र विरुपाक्ष मन्दिर तथा विट्ठल मन्दिर की विशिष्ट विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-19 "ई. पू. 600 से ई. 600 तक पौराणिक हिन्दू धर्म में विभिन्न विचारों, मूर्तियों और मंदिरों का विकास हुआ।" कथन क कीजिए। 3

अथवा

उन्नीसवीं शताब्दी में साँची स्तूप, किस प्रकार की संरक्षण नीति की सफलता के जीते जागते उदाहरण हैं? जबकि अमरावती के स्तूपों के सम्बन्ध में ऐसा नहीं है क्यों ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-20 'ट्रैवल्स इन द मुगल एम्पायर' नामक ग्रन्थ में बर्नियर भारत को पश्चिमी जगत की तुलना में अल्प विकसित व निम्न श्रेणी का दर्शाना चाहता था। स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

इब्नबतूता और बर्नियर ने जिन दृष्टिकोणों से भारत में अपनी यात्राओं का विवरण लिखा,उनकी तुलनाकर अंतर बताएं।

प्रश्न-21 सूफी परंपरा से संबन्धित इतिहास की जानकारी के लिए विभिन्न स्तोत्रों का वर्णन कीजिये? 4

अथवा

चर्चा कीजिए कि अलवार, नयनार और वीरशैवों ने किस प्रकार जाति प्रथा की आलोचना प्रस्तुत की?

प्रश्न-22 1857 के विद्रोह ने ब्रिटिश प्रशासन पर क्या तात्कालिक प्रभाव डाले लिखिए 4


अथवा

सारे प्रयासों के बावजूद 1857 का विद्रोह असफल हुआ, इसकी असफलता के कारणों की विवेचना कीजिये

प्रश्न- 23 भारत एवं सीमावर्ती देशों के मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्ही चार स्थानों को पहचान कर दर्शाइए - 4

नोट -मानचित्र पूर्ति कर मानचित्र को उतर पुस्तिका में संलग्न करें

1. नागेश्वर-एक विकसित हड़प्पाई पुरास्थल - नागेश्वर
2. सिंधु सभ्यता का नवीनतम उत्खनित स्थल -धौलावीरा
3. सम्राट अशोक का अंतिम युद्ध स्थल -कलिंग
4. क्षिप्रा नदी किनारे विकसित महाजनपद कालीन राज्य -अवंति
5. मगध की प्रारंभिक राजधानी - पाटलिपुत्र
6. गुजरात राज्य स्थित अशोक का महाशिलालेख -गिरनार
7. जगन्नाथ मंदिर -पुरी
8. गंगइकोण्ड्चोलपुरम -शिवमंदिर




TEACHER'S SIGNATURE